# महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर

क्रमांक : एफ.20 (6) दीक्षान्त/मदसविवि/2025/ दिनांकः

To,

**Gold Medal/ Ph.D.**

**विषय : 13वाँ दीक्षान्त समारोह**

महोदय/महोदया,

आपको यह जानकर प्रसन्नता होगी कि विश्वविद्यालय द्वारा **13वाँ** दीक्षान्त समारोह गुरूवार **दिनांक 25 दिसम्बर, 2025 को विश्वविद्यालय परिसर के सत्यार्थ सभागार** में आयोजित किया जा रहा है। इस दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित होने के लिये प्रबन्ध बोर्ड, विद्या परिषद के सदस्यों, विभिन्न संकायों के संकाय अध्यक्षों, शिक्षकगण, अधिकारीगण तथा पीएच.डी. उपाधि धारकों व विभिन्न परीक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पाने वाले छात्र/छात्राओं को दीक्षान्त समारोह के समय उपस्थित होने के लिये अधिसूचना जारी की जा चुकी है । आपसे अनुरोध है कि दीक्षान्त समारोह में परिनियमों के अनुसार निर्धारित निम्न पोशाक (जो स्वयं की होगी) पहनकर एवं बैज (जो विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा) लगाकर समारोह में सम्मिलित होने का कष्ट करें ।

**पोशाक**

| | |
|---|---|
| **1. छात्रों के लिये** | **सफेद कमीज/सफेद पेन्ट/ सफेद जॉकेट**<br>**सफेद कुर्ता–पायजामा ,सफेद जॉकेट/सफेद कुर्ता–धोती तथा काले जूते** |
| **2. छात्राओं के लिये** | **लाल किनारी की सफेद साड़ी और सफेद ब्लाउज/**<br>**सफेद पायजामा–कुर्ता/सफेद सलवार/सफेद चुन्नी एवं काले जूते/स्लिपर** |

आप सीनियर सैकण्डरी, स्नातक व स्नातकोत्तर परीक्षाओं की मूल अंकतालिकायें सत्यापन हेतु अनिवार्यतः साथ लावें ताकि पदक प्राप्त करने की पात्रता सुनिश्चत हो सके । मूल दस्तावेजों के सत्यापन के पश्चात् ही आपको उपाधि तथा पदक दिया जायेगा ।

प्रमाण पत्र व बैज **बुधवार 24 दिसम्बर, 2025 को** ही मिल **सकेंगे। 25 दिसम्बर, 2025 को किसी भी परीक्षार्थी को प्रमाण पत्र व बैज उपलब्ध नहीं हो सकेगा** । अतः आपसे आग्रह है कि नियत समय से पूर्व ही पधारकर अपना सर्टिफिकेट व बैज प्राप्त कर लें **। दिनांक 24 दिसम्बर, 2025 को अपरॉन्ह 4.00** बजे पूर्वाभ्यास (रिहर्सल) किया जावेगा । अतः आप **दिनांक 24 दिसम्बर, 2025** को आवश्यक रूप से पधारने का कष्ट करें । आने–जाने का कोई भी यात्रा भत्ता एवं अन्य किसी प्रकार का भत्ता देय नहीं होगा ।

सत्यार्थ सभागार में दिनांक 25 दिसम्बर, 2025 को आधे घण्टे पूर्व अपना निर्धारित स्थान आवश्यक रूप से ग्रहण कर लें।

इस संबंध में किसी भी प्रकार की अन्य जानकारी के लिये **डॉ. सुनील कुमार टेलर**, उपकुलसचिव अकादमिक–द्वितीय मो. 9928577544, **डॉ. सूरज मल राव**, सह प्रभारी दीक्षान्त, मो. 9460246641से सम्पर्क स्थापित करें । कृपया दीक्षान्त समारोह में उपस्थित होने की स्वीकृति/ संलग्न सहमति पत्र निम्नलिखित पते पर भिजवायें:–

**कैलाश चन्द्र शर्मा**
**प्रभारी दीक्षान्त**
**महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर–305009**
**फोन नम्बर कार्यालय 0145–2787057**
**ईमेल–mdsuconvocation@gmail.com**

नोट–
1. दीक्षांत समारोह के समय हेतु विश्वविद्यालय वेबसाइट का अवलोकन करते रहें। समय हेतु दिनांक 24 दिसम्बर, 2025 को रिहर्सल में सूचित किया जायेगा।
2. स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्राएँ जो पूर्वाभ्यास हेतु दिनांक 24.12.2025 को अजमेर शहर से बाहर से पधारेंगे उनके आवास, जलपान एवं भोजन की व्यवस्था विश्वविद्यालय के अपाला शोध छात्रावास में की जाएगी।

**संलग्न** : सहमति पत्र

**कैलाश चन्द्र शर्मा**
कुलसचिव

# सहमति पत्र

आमंत्रण पत्र क्रमांक..............................................................

दिनांक ..............................................................

मैं. ..............................................................................................................................

पुत्र / पुत्री / श्रीमती ..............................................................................................

**13 वें दीक्षान्त समारोह** हेतु **दिनांक 24 दिसम्बर 2025** को रिहर्सल एवं **25 दिसम्बर 2025** को मुख्य **दीक्षान्त** कार्यक्रम में निर्धारित दिनांक एवं समय पर उपस्थित होने की स्वीकृति प्रदान करता / करती हूँ।

**हस्ताक्षर**

नाम..........................................................................

पी.एच.डी. उपाधि धारक / स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ता.

पता..........................................................................

..............................................................................

..............................................पिन ..............................

स्थान..................................................

मोबाईल नं..................................................................

दिनांक..............................................

---

**त्रयोदश दीक्षान्त समारोह 25 दिसम्बर, 2025**

**मिले : कैलाश चन्द्र शर्मा**
**प्रभारी दीक्षान्त एवं कुलसचिव**
**महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय,**
**अजमेर (राज0) पिन–305009**

**प्रेषक:**

..............................................................

..............................................................

..............................................................